पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय : 3, मार्बल आर्च, सेनापति बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016

+91 22 24306321/24378866 24313938 abvpkendra@gmail.com www.abvp.org

दि. 12 जुलाई 2024

-:प्रेस विज्ञप्ति:-

अभाविप ने यूजीसी-नेट (जून, 2024) के ऑनलाइन आवेदन पोर्टल को पुनः खोलने की माँग की।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष को पत्र लिखकर यूजीसी-नेट (जून-2024) के लिए ऑनलाइन आवेदन पोर्टल को पुनः खोलने की माँग की है। इस सत्र में विभिन्न विश्वविद्यालयों में पीएचडी में प्रवेश यूजीसी-नेट के परिणाम के आधार पर होना तय हुआ है, ऐसे अनेक विद्यार्थी हैं, जो कतिपय कारणों से यूजीसी-नेट के लिए आवेदन नहीं कर पाए थे।

ध्यातव्य है कि यूजीसी-नेट (जून, 2024) की 18 जून को आयोजित हुई परीक्षा परीक्षा पेपर लीक की आशंका में रद्द हो गई थी, अब यह परीक्षा 21 अगस्त से 4 सितंबर 2024 के बीच पुनः आयोजित होगी। अभाविप ने अपने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि यूजीसी नेट के स्कोर के माध्यम से ही विभिन्न विश्वविद्यालयों में पीएचडी में प्रवेश मिलना संभव हो सकेगा, इसकी जानकारी कई छात्रों तक नहीं पहुंच पाई थी; अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन पोर्टल को पुनः अल्पावधि के लिए खोलना चाहिए।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री श्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि ऑनलाइन आवेदन पोर्टल को पुनः खोलने से, छूट गये अभ्यर्थियों को आवेदन का अवसर मिलेगा। यूजीसी नेट परीक्षा को शीघ्र आयोजित कर मिशन मोड में परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने चाहिए, जिससे विश्वविद्यालयों में पीएचडी में प्रवेश प्रक्रिया निर्धारित समय के भीतर पूरी की जा सके।

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री श्री दिगम्बर पवार द्वारा जारी की गई है।)